राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

पीठासीन अधिकारी -- राजपाल यादव, आर.ए.एस.

मुकदमा नंम्बर-- 18 / 2020

सुशील कुमार पुत्र शंकरलाल उम्र 56 वर्ष जाति अहीर निवासी श्यामपुरा तन नंगली सलेदी सिंह तहसील खेतड़ी, जिला झुझुनूं (राज)

.... प्रार्थी

ब--ना--म

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार, खेतड़ी, जिला झुन्झुनू (राज)

..........अप्रार्थी

प्रार्थन पत्र -- नाम दुरूस्ती

निर्णय **दिनांक 22--02--2021**

प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि वाके ग्राम बांकोटी तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2076 लगायत 2076 के खाता संख्या 100 तथा ग्राम श्यामपुरा तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2073 लगायत 2076 के खाता संख्या 60 में प्रार्थी का नाम कन्हीलाल पुत्र शंकर के स्थान पर सुशील कुमार पुत्र शंकरलाल दर्ज कर राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जावे।

प्रार्थना पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार खेतड़ी से प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में चाहे गये अनुतोष के सम्बन्ध में जांच रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार खेतड़ी से प्राप्त जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाना उचित है।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य अभिलेख में नकल जमाबंदी संवत् 2073--76 खाता सं. 100 ग्राम बांकोटी तथा नकल जमाबंदी संवत् 2076--79 खाता सं. 60 ग्राम श्यामपुरा पेश की गई।

बहस विद्वान अधिवक्ता प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध प्रलेखीय दस्तावेजात एवं प्रार्थना पत्र के अभिवचनों तथा जांच रिपोर्ट तहसीलदार खेतड़ी का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं मनन किया गया। राजस्व ग्राम बांकोटी तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2076 लगायत 2076 के खाता संख्या 100 तथा ग्राम श्यामपुरा तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2073 लगायत 2076 के खाता संख्या 60 में प्रार्थी का नाम कन्हीलाल पुत्र शंकर के स्थान पर सुशील कुमार पुत्र शंकरलाल दुरूस्त किया जाना न्यायोचित पाया जाता है।

आदेश

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर ग्राम बांकोटी तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2076 लगायत 2076 के खाता संख्या 100 तथा ग्राम श्यामपुरा तहसील खेतड़ी स्थित भूमि जमाबन्दी सम्वत् 2073 लगायत 2076 के खाता संख्या 60 में प्रार्थी का नाम कन्हीलाल पुत्र शंकर के स्थान पर सुशील कुमार पुत्र शंकरलाल दुरूस्त कर राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। आदेश की पालना हेतु तहसीलदार खेतड़ी को तहरीर जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 22--02--2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(राजपाल यादव)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, खेतड़ी

उपखण्ड अधिकारी (स्टाम्प) खेतड़ी (झुन्झुनू)

उपखण्ड अधिकारी, खेतड़ी

Scanned with CamScanner